# इटारसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

▸ जलसंकट, यातायात और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 मई. नगर की चरमराती यातायात व्यवस्था, गहराते जल संकट और भाजपा शासित नगरपालिका के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को नगर कांग्रेस के बैनर तले धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम आंदोलन किया. कांग्रेस नेताओं ने सूरजगंज चौराहे के मुख्य मार्ग पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.**

इसके बादअनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निलेश कुमार शर्मा को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा. सुबह 11 बजे से कांग्रेस पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला अर्पित कर धरने की शुरुआत की. चक्काजाम और प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए एसडीएम निलेश कुमार शर्मा के साथ एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे. नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने भाजपा शासित नगर पालिका के क्रियाकलापों पर सवाल उठाते हुए जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सूरजगंज, मालवीयगंज, साईं फॉर्च्यून कॉलोनी और एलकेजी कॉलोनी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रोज लग रहे भारी ट्रैफिक जाम से छात्र, व्यापारी और आम नागरिक त्रस्त हैं. जलावर्धन योजना में हो रही लेटलतीफी और वार्डों में टैंकरों के माध्यम से हो रही पानी की राजनीति पर आक्रोश व्यक्त किया गया. पेट्रोल, डीजल और आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ दूध के दामों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को लेकर केंद्र व राज्य सरकार को घेरा गया.



प्रदेश महासचिव राजकुमार उपाध्याय केलु, अजय शुक्ला, पंकज राठौर, प्रवीण गांधी, विजय बाबू चौधरी, गुफरान अंसारी और मुन्ना इरशाद सिद्दीकी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में आम जनता का जीना दूभर हो गया है. प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र सिंह तोमर, अशोक जैन, मुकेश गांधी, नरेश चौहान, शंकर लाल परदेसी, लखन बेस, लाली परमजीत सिंह सलूजा, राम शंकर सोनकर, अमल सरकार, सोनू बकोरिया, अजय अहिरवाल, बिट्टू तिवारी, अभिषेक साहू, मयंक कालोसिया, राजेंद्र गोस्वामी, मुकेश चोरे, चैतन्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**ज्ञापन में शामिल ये प्रमुख मांगें**

विभिन्न वार्डों और कॉलोनियों में समय पर और सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. नगर पालिका की लेटलतीफ जलवर्धन योजना का कार्य तत्काल पूर्ण कर जनता को राहत दी जाए. सूरजगंज चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन होने वाले ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए प्रभावी व्यवस्था बने. बढ़ती कीमतों के कारण बढ़ रही महंगाई से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत दी जाए. दूध की आसमान छूती कीमतों पर आवश्यक नियंत्रण लगाकर आम जनता का बजट बिगड़ने से बचाया जाए.

# बुजुर्ग के खाते से निकाले 10 लाख

▸ 3 बार में निकाले पैसे, पुलिस ने केस दर्ज किया

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 मई. पुरानी इटारसी के शिवाजी नगर इलाके में एक बुजुर्ग साइबर ठगी का शिकार हो गएँ. शातिर जालसाजों ने बुजुर्ग के बैंक खाते से करीब 10 लाख रुपये उड़ा दिए. पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है.**

वार्ड नंबर 5 निवासी राजेंद्र तोमर (64) के बैंक खाते में अज्ञात आरोपियों ने सेंध लगाई. यह धोखाधड़ी 18 मई की रात10 बजे से 21 मई के शाम 7:12 बजे के बीच अंजाम दी गई. ठगों ने उनके खाते से कुल 9 लाख 98 हजार 021 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए. खाते से बड़ी रकम गायब होने का पता चलते ही पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है. टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि इनके मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड हो गयी थी. इसके बाद इनके खाते की सारी जानकारी फ्रॉड करने वाले को पहुंची और उसने पहले 5 लाख और फिर 2.99 फिर शेष रकम निकाली. करीब दस लाख रुपए की रकम दो अलग-अलग खातों से तीन बार में निकाली गयी है.बुंदेला ने कहा कि लगातार पुलिस और मीडिया के माध्यम से, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास कर रहे हैं, बावजूद इसके लोग फ्रॉड करने वालों के झांसे में आ जाते है.

बुंदेला ने कहा कि अनजान फाइल को न तो खोलें और ना ही डाउनलोड करें, किसी प्रकार के लालच में न आएं, सायबर अपराधियों से बचने का यही एक तरीका है. हमें स्वयं जागरुक रहना होगा.उन्होंने कहा कि सायबर सेल के माध्यम से इस मामले में पता लगाने की कोशिश की जा रही है.

## सूने मकान से 80 हजार जेवरात चोरी

**इटारसी, 22 मई.** शहर के अवाम नगर इलाके में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया .पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना ताजुल मस्जिद के आगे आवाम नगर निवासी इम्तियाज खान के घर पर हुई .फरियादी के मुताबिक, अज्ञात आरोपियों ने सूने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे इस्तेमाल के सोने-चांदी के जेवरात ले गए . जिनकी कुल कीमत लगभग 80 हजार रुपये है .मामले की शिकायत के बाद इटारसी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर में



### सोहागपुर विधायक ने नियुक्त किए प्रतिनिधि

**सोहागपुर, 22 मई.** विधायक विजयपाल सिंह द्वारा आईटीआई सोहागपुर की आईएमसी समिति के गठन के लिए अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है. विधायक द्वारा जारी पत्र के माध्यम से अभिनव पालीवाल एवं शुभम रघुवंशी को विधायक प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है. यह जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी स्वरूप ने बताया कि आईएमसी समिति संस्था और उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है .ऐसे में समिति में सक्रिय और युवा प्रतिनिधियों की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है .अभिनव पालीवाल एवं शुभम रघुवंशी को उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है.

### सोहागपुर में डीपी के पास लगी आग

**सोहागपुर, 22 मई.** शहर के रघुवंशीपुरा में बिजली कंपनी की एक डीपी के पास आग लग गई. इस कारण काफी देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही. खेत एवं मुख्य मार्ग के समीप लगी आग की सूचना जब बिजली कंपनी को मिली तो तत्काल टीम मौके पर पहुंची. जेई विजय धुर्वे ने बताया कि किसी उपभोक्ता द्वारा डीपी के समीप पेड़ काटा जा रहा था, इस दौरान आग लग गई .उन्होंने कहा कि बिजली लाइन के नजदीक कोई भी काम करते हैं तो दुर्घटना की आशंका बन सकती है. उन्होंने अपील की कि यह काम करने के पहले बिजली कंपनी को सूचित करें, जिससे संपत्ति के नुकसान की स्थिति अथवा संभावित दुर्घटना से बचा जा सकता है.




### 18 बंदियों की स्क्रीनिंग एवं परामर्श

**नर्मदापुरम, 22 मई.** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम शुक्रवार को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. प्रतिमाह आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के तहत मई में निरुद्ध बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण हेतु यह शिविर आयोजित किया गया. शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से डॉ. अंकिता मेहतो, मन कक्ष से नाजिया सिद्दीकी (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) तथा कांति यदुवंशी (नर्सिंग ऑफिसर) द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं. इस दौरान कुल 18 बंदियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कर उन्हें परामर्श एवं आवश्यक उपचार दिया गया. शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षकप्रहलाद सिंह बरकड़े, सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया,अष्टकोण अधिकारी अर्पित चौधरी सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा.

### 6 वाहनों पर 21 हजार रुपए का चालान

**नर्मदापुरम, 22 मई.** सड़क सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को लेकर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस विशेष जांच अभियान चला रही हैं. आरटीओ प्रमोद कुमार कापसे ने स्वयं बसों के अंदर जाकर अग्निशामक यंत्र, मेडिकल बॉक्स, वीएलटी, पैनिक बटन, इमरजेंसी गेट और किराया सूची जैसी जरूरी सुरक्षा व्यवस्था की जांच की. उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर बसों में उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली. जांच अभियान में कुल 26 वाहनों की जांच की गई, जिनमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 6 वाहनों पर 21 हजार का चालान किया गया. वहीं बिना टैक्स संचालित एक बस से 1.14 लाख की वसूली की गई और बिना परमिट चल रही एक बस को जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा कराया गया. इसी तरह यातायात पुलिस ने भी सख्त कार्रवाई की. थाना प्रभारी सुनीता पटेल के नेतृत्व में 12 बसों की जांच की गई, जिनमें से 6 के चालान काटे गए. इसके अलावा विभिन्न धाराओं के तहत 20 अन्य मामलों में भी कार्रवाई की गई.

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

न वभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 22 मई. आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने तथा नई शिक्षण गतिविधियों की जानकारी देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एकलव्य फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.**

प्रशिक्षण के दौरान खेल-खेल में शिक्षा देने की विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया. इसमें बच्चों के मानसिक, शारीरिक, भाषाई, भावनात्मक, सामाजिक एवं रचनात्मक विकास से संबंधित गतिविधियों पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया.

कार्यक्रम में 'चार कोनों' की अवधारणा पर आधारित गतिविधियों पर विशेष कार्य किया गया, जिनमें संगीत कोना, कल्पना कोना, ब्लॉक कोना एवं पुस्तकालय कोना शामिल रहे.प्रशिक्षकों ने बताया कि इन गतिविधियों एवं विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक सामग्रियों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास को प्रभावी रूप से बढ़ावा दिया जा सकता है. प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को आवश्यक शिक्षण सामग्री का वितरण भी किया गया.

प्रशिक्षण में यह जानकारी दी गई कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए.

इस अवसर पर समन्वयक सुचित्रा राजावत, कार्यकर्ता मनीषा, ज्योति बाधव, संगीता सल्लाम, संजू बामने, मंजू गौर, पार्वती देवड़ा, वसु गर्गव, रामसती, सेवंती एवं सुषमा रघुवंशी सहित 10 केंद्रों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.वहीं एकलव्य फाउंडेशन से मुस्कान मालवीया, मुस्कान सिंगोरिया, शिवानी, खुशी, शिवम एवं प्रियेश ने सहभागिता की.



# नर्मदा लोक के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



▸ समयसीमा में काम करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, 22 मई. नगरपालिका का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट नर्मदा लोक कॉरिडोर निर्माण के प्रथम फेस पर्यटन घाट पर चल रहे नाला निर्माण कार्य तथा रसूलिया क्षेत्र शुरू हुए नाला निर्माण कार्य का अधिकारियों ने निरीक्षण किया. सहायक यंत्री अजीत तिवारी, उपयंत्री रीना गुप्ता ने निरीक्षण के बाद निर्माण एजेंसी को समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए.**

सहायक यंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में पर्यटन घाट पर नर्मदा लोक कोरीडोर का कार्य चल रहा है. निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रोहित गौर उपस्थित थे. उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि पर्यटन घाट पर नर्मदा लोक कोरीडोर का कार्य तेजगति से चल रहा है. सौंदर्यीकरण के लिए पिलर लगाकर पार्किंग स्थल बनाया जाएगा.जिससे घाटों पर आने जाने वाले वाहन वहां खड़े हो सकेंगे. वहीं नाला निर्माण बारिश पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए.

# नाकेबंदी और बिजली कटौती से व्यापारियों में बढ़ा आक्रोश



▸ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**हरदा, 22 मई. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के बैनर तले शहर के व्यापारियों ने शुक्रवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन और एसपी शशांक को एक ज्ञापन सौंपा. इसमें अनावश्यक पुलिस नाकेबंदी, अघोषित विद्युत कटौती और खराब ट्रैफिक व्यवस्था का मुद्दा उठाया.**

कैट के जिलाध्यक्ष सरगम जैन ने बताया कि शहर के चारों ओर पुलिस द्वारा स्थायी नाकेबंदी कर बाहर से आने वाले किसानों, मजदूरों और आम जनता की सघन चेकिंग की जा रही है. हेलमेट और तीन सवारी जैसे नियमों के नाम पर बार-बार चालान बनाए जा रहे हैं, जिससे भय का माहौल है. ग्रामीण क्षेत्रों के लोग डर के कारण हरदा बाजार में खरीदारी करने नहीं आ पा रहे हैं, और मजबूरी में अपनी जरूरत का सामान अधिक कीमत पर अन्य जगहों से खरीद रहे हैं.इस अनावश्यक और अत्यधिक चेकिंग का शहर के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है.

ज्ञापन में बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया गया. तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, ऐसे में शहर में कभी भी कई-कई घंटे अघोषित बिजली कटौती की जा रही है. ज्ञापन सौंपते समय सरगम जैन , शुभम बंसल, सचिन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संजय जैन उपस्थित रहे.

# संगठन को और मजबूत बनाने पर हुई चर्चा



▸ भाजपा चंद्रशेखर आजाद शक्ति केंद्र की बैठक

**सिवनी मालवा, 22 मई.भाजपा नगर मंडल द्वारा चंद्रशेखर आजाद शक्ति केंद्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13 की बैठक आयोजित की गई. बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर चर्चा हुई.**

बैठक में पदाधिकारियों ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, जनसंपर्क अभियान को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने पर बल दिया. कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया.

बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि 25 मई तक नए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं.इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति का नाम दो स्थानों पर दर्ज है अथवा किसी नाम को लेकर आपत्ति है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है.कार्यकर्ताओं से यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया गया.

इस अवसर पर नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, शक्ति केंद्र प्रभारी दिलीप अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र गौर, पार्षद किरण राठौर, विक्रम सूर्यवंशी, नरेश जायसवाल, अंकित तम्बूलकर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद मंसूरी, बूथ अध्यक्ष हरिओम राठौर, नगर महामंत्री तुषार लोवंशी, अतुल बकोरिया, शुभम् प्रजापति सहित बूथ सदस्य एवं शक्ति केंद्र के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आज

**नर्मदापुरम, 22 मई.** 31 मई को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम एवं अन्य संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर शनिवार दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय नर्मदापुरम में किसान मोर्चा की जिला बैठक आयोजित की जाएगी. जिला अध्यक्ष सुरेश पटेल ने बताया कि बैठक में कासिान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी राजेन्द्र राजपूत तथा जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला का मार्गदर्शन प्राप्त होगा.बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री आदि उपस्थित रहेंगे.

## पारा 40 डिग्री पार

**नर्मदापुरम.** गर्म शुष्क हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है, ऐसे में अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री के ऊपर ही बना हुआ है. शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री दर्ज हुआ. वहीं रात के तापमान में 2 डिग्री की बढ़त दर्ज की और न्यूनतम पारा 28.8 डिग्री पर जाकर ठहरा. आगामी दिनों में नवतपा शुरू होगा.

आयोजन ▸ केसला विकासखंड के कई गांवों में लगाए शिविर

# सबसे पहले, सबसे दूर अभियान में सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 मई. जनजाति कार्य विभाग द्वारा जनजातीय समुदाय के उत्थान, विकास और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विकासखंड केसला में 'सबसे पहले सबसे दूर' जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में क्षेत्र के विभिन्न आदिम जाति सेवा केंद्रों में विशेष जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया, जिसमें दूरस्थ अंचलों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना.**

शिविरों के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी विभागीय व बुनियादी समस्याओं से जुड़े आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए.आवेदनों में से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही तात्कालिक निराकरण कर ग्रामीणों को राहत दी गई.वहीं, शेष बचे जटिल मामलों की समय-सीमा में फाइलें तैयार कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है.

ग्राम दौड़ी, मादीखोह, भरगदा, डाडीवाड़ा, चांदकिया, छीतापुरा, भोभदा रैयत, पिपरियाकला एवं पांडुखेड़ी में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल संकट, जर्जर सड़कें, राशन वितरण में आ रही दिक्कतें, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतें कीं.



**दूरस्थ अंचलों तक विकास पहुंचाना मुख्य लक्ष्य**

'सबसे पहले सबसे दूर' अभियान का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि जो जनजातीय क्षेत्र भौगोलिक रूप से मुख्य शहरों से काफी दूर हैं, वहां तक शासन की हर योजना और सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान हो सके .इस अभियान के जरिए प्रशासन खुद चलकर दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच रहा है ताकि उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके.

## लोकल वोट के अधिकार की बारी आई : सारिका

**नर्मदापुरम, 22 मई.** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव दीपक सिंह के मार्गदर्शन में राज्य ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. सारिका घारू ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन की मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है, जो 25 मई बजे तक चलेगी.उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं से अपील की कि वे समय रहते अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराएं.

# मतदाता सूची का किया अवलोकन

▸ एक-एक मतदाता के पूर्ण विवरण का किया जा रहा है मिलान

**सोहागपुर, 22 मई. स्थानीय निर्वाचन शाखा द्वारा गत दिनों पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनज़र मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तैयारी की जा रही है. इसके लिए स्टैंडिंग कमेटी की बैठक भी की गई. इसके बाद राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शहर के सभी वार्डों की मतदाता सूची का अवलोकन कर रहे हैं.**

विधायक विजयपाल सिंह के निवास पर कार्यकर्ताओं ने शहर के सभी वार्डों की मतदाता सूचियों का अवलोकर किया. भाजपा नेताओं ने बताया कि सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के पार्षदों को उनके अपने वार्डों की सूची दी गई है, ताकि सभी बारीकी से सूची का अवलोकन कर सकें. कहीं किसी मतदाता का विवरण अपूर्ण तो नहीं है.कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं जो वार्ड क्षेत्र में निवास निवासरत हो, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची से विलोपित हो गया हो.अथवा किसी अन्य वार्ड के मतदाता का नाम किसी अन्य वार्ड में की सूची में दर्ज हो.

